लोकतंत्र सैनानियों का जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित हुआ

- 83 लोकतंत्र सैनानियों को किया सम्मानित
- आपातकाल की याद आती है तो कंपकंपी छूट जाती है
- लोकतंत्र सैनानी हनुमान प्रसाद शर्मा ने संस्मरण सुनाए

कोटा में लोकतंत्र सैनानियों का समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया है।

कोटा, (निसं)। आपातकाल की जब याद आती है तो सच कहता हूं कंपकंपी छूट जाती है।

आपातकाल के दौरान आमजनता पर कई जुल्म ढहाए गए। घरों से उठाकर ले जाया गया, यातनाएं दी गई। अपनी कुर्सी बचाने के लिए इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 की मध्यरात्रि आपातकाल लगा दिया। आपातकाल का विरोध करने वाले सभी बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया। आपातकाल के 21 माह की अवधि में जेल में रहने वालों ने अत्याचार की पराकाष्ठा देखी।

कोटा के लोकतंत्र सैनानी हनुमान प्रसाद शर्मा ने बुधवार को यहां सिआम ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अपने संस्मरण सुनाते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में जिले के 83 लोकतंत्र सैनानियों का सम्मान किया गया।

लोकतंत्र सैनानी शर्मा ने बताया कि 5 जनवरी 1976 को कोटा के रामपुरा मुख्य बाजार में इंदिरा गांधी का पुतला जलाने के बाद हम आठ साथियों ने एक साथ गिरफ्तारी दी। आपातकाल में जेल में रहे मीसा एवं डीआईआर बंदियों ने कई अत्याचार सहे। लोकतंत्र बचाने की मुहिम में न केवल उन्होंने बल्कि उनके परिवारजनों ने भी काफी तकलीफें सही। यातनाओं की पराकाष्ठा का वर्णन नहीं किया जा सकता। जेल में खाना खराब दिया जाता था। इसके विरोध में हमें आंदोलन करना पड़ा। लंबे संघर्ष के बाद जेल की व्यवस्थाएं ठीक हुई। मीसा एवं डीआईआर के तहत जेलों में बंद रहे लोकतंत्र सैनानियों के परिवार ने जो तकलीफें सही हैं उन्हें बयां नहीं किया जा सकता।

उन्होंने बताया कि कोटा के बड़े नेता ललित किशोर चतुर्वेदी को जेल की काल कोठरी में बंद किया गया। रघुवीर सिंह कौशल को अजमेर जेल ट्रांसफर कर दिया गया लेकिन लोकतंत्र सैनानियों के हौसलों को कोई पस्त नहीं कर पाया। "ये दिवाने कहां चले, जेल चले भई जेल चले" के नारों के साथ जेलें भर दी गई। लोकतंत्र सैनानी शर्मा ने सभी लोकतंत्र सैनानियों की ओर से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को साधुवाद दिया। उन्होंने तत्कालीन यूआईटी कोटा चेयरमेन हरि कुमार औदिच्य को भी मीसा बंदियों के लिए मीसा कॉलोनी उपलब्ध कराने के लिए उनको धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि लोकतंत्र की ताकत संविधान के माध्यम से है। उन्होंने लोकतंत्र सैनानियों को विश्वास दिलाया कि कोटा की मीसा कॉलोनी के विकास सहित उनके द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर सकारात्मक विचार करते हुए इस दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में आए लोकतंत्र सैनानियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में राजकीय कला कन्या महाविद्यालय की प्रो.डॉ.श्रद्धा सोरल ने अपने व्याख्यान में बताया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि जो लोकतंत्र हमें मिला है उसे मजबूत बनाएं। असल लोकतंत्र को कायम रखने के लिए संवाद का वातावरण बनाएं रखें। उन्होंने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जागरूक विपक्ष की आवश्यकता भी प्रतिपादित की। साथ ही, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को भी सही जनमत के निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभाने का अव्हान किया।

राजकीय कला महाविद्यालय कोटा के प्रो.डॉ.जीआर खान ने अपने व्याख्यान में कहा कि जो संविधान हमें मिला है उस पर हमें गर्व है। संविधान निर्मात्री समिति ने विश्व के 160 देशों के संविधानों का अध्ययन कर देश, काल एवं परिस्थितियों के अनुरुप लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को हमारे संविधान में शामिल किया गया। लोकतंत्र की मजबूती इस बात पर निर्भर करती है कि देश के संविधान में हमारी आस्था कितनी मजबूत है।

उन्होंने आपातकाल लागू होने के घटनाक्रम की विस्तृत व्याख्या की और बताया कि जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व सिंहासन खाली करों का नारा देते हुए जब समग्र क्रांति का आह्वान किया गया तब सत्ता के गलियारों में हड़कंप मच गया और 25-26 जून 1975 की मध्यरात्रि को आपातकाल की घोषणा कर दी गई।

कार्यक्रम में कोटा जिले के लोकतंत्र सैनानियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, लोकतंत्र सैनानियों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।

श्री आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर का होगा नवीनीकरण

रामगंजमंडी (निसं)। शहर के बाजार नम्बर 3 में स्थित श्री आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर का लगभग 85 वर्षों से भी अधिक समय बाद कायाकल्प (जीर्णोद्धार) होने जा रहा है। वर्षो से इस मंदिर में कई आचार्यो, साधु ,साध्वी और मंदिरों का निर्माण करने वाले सोमपुराओं ने कई तरह के दोष बताकर इस मंदिर के जीर्णोद्धार की सलाह दी थी। श्री संघ ट्रस्ट अध्यक्ष राजकुमार पारख ने बताया कि जमीन से 11 फिर नीचे खुदाई के बाद गिट्टी सीमेन्ट से भराई होकर 42 फिर ऊंचा शिखर जो सफेद मार्बल का बनेगा। जिसका वजन 300 टन होगा। इसी के साथ समचोरस गर्भ गृह भी मार्बल का बनेगा। उन्होंने बताया कि मंदिर का पूरा रंग मंडप जिसमें 12 पिल्लर मार्बल के लगेंगे और ऊपर गुबंज बनेगा जो सफेद मार्बल का बनेगा जिसका वजन भी 300 टन होगा। वहीं श्रृगांर चौकी भी मार्बल की ही बनेगी। मंदिर का मुख्य द्वार जिसे सिंह द्वार भी कहा जाता है। वह भी सफेद मार्बल का बनेगा, जिसकी ऊंचाई लगभग 24 फिर और चौड़ाई लगभग 15 फिट रहेगी।

विभिन्न शिविर आज

बून्दी, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का प्रदेश भर में 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजन किया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सुनिश्चित किया जा रहा हैं।

ठेका श्रमिकों ने कार्य बहिष्कार किया

कोटा, (निसं)। एमबीएस अस्पताल के ठेका श्रमिको ने 13 दिन के बकाया भुगतान को लेकर बुधवार को दो घंटे का कार्य बहिष्कार रखा और अस्पताल अधीक्षक के चेम्बर के बाहर धरना देकर विरोध दर्ज कराया।

ठेका श्रमिको के बहिष्कार करने से अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर, दवा वितरण केन्द्र, भामाशाह काउंटर, ब्लैड बैंक सहित अन्य जगहों पर दो घंटे तक व्यवस्था चरमरा गई, जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा। ठेका संघ के अध्यक्ष दिलीप सिंगोर ने कहा कि 154 ठेका श्रमिको का 13 दिन का वेतन भुगतान बाकी है।

कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

क्रमांक:-नपबा/भूमि रुपां./2025/2017-18 दिनांक:- 25.06.2025

भू-उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित हैं। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम खसरा नं.	जोनल प्लान (जॉन बी) में भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल	विशेष विवरण
1.	विनोद जैन, विकास जैन पुत्र श्री सरोज कुमार बड़जात्या निवासी जैन कालोनी बारां तहसील व जिला बारां (राज.)	नलका खसरा नं. 593/48 एकल भूखंड	सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय	आवासीय से व्यवसायिक	1789 वर्गमीटर	

आयुक्त नगर परिषद बारां

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-263 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:- 17.6.25

नगर विकास न्यास कोटा की रानपुर आवासीय योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 266 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 22.12.2010 को श्री अब्दुल गफ्फार पुत्र श्री नजीर खाँ को किया गया था। आवंटी श्री अब्दुल गफ्फार की मृत्यु दिनांक 15.11.2023 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त आवंटी के विधिक वारिसान हकदार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, वारिसान शपथ पत्र, रासनकार्ड, शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/आवास अपने नामहस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 266 रानपुर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री अब्दुल जब्बार पुत्र स्व. श्री अब्दुल गफ्फार के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/147 दिनांक:-17.6.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा योजना श्रीरामकृष्णपुरम-ई आवासीय आवास संख्या 118 का आवंटन पत्र क्रमांक 606 दिनांक 22.12.2001 को श्री प्रेम बिहारी शर्मा पुत्र श्री किशन लाल शर्मा के नाम आवंटन किया गया था। आवंटी श्री प्रेम बिहारी शर्मा की मृत्यु दिनांक 12.09.2002 को हो गई है। मृत्यु उपरान्त श्री प्रेम बिहारी शर्मा पुत्र श्री किशन लाल शर्मा के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्रीमती धनराज कुमारी पत्नी स्व. श्री प्रेम बिहारी शर्मा द्वारा उक्त आवास संख्या 118 श्रीरामकृष्णपुरम-ई आवासीय अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 118 योजना श्रीरामकृष्णपुरम-ई का नामहस्तान्तरण श्रीमती धनराज कुमारी पत्नी स्व. श्री प्रेम बिहारी शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

सार-समाचार

संगीतमय प्रस्तुतियां दी

कोटा, (निसं)। आरके पुरम स्थित दिशा डेल्फी पब्लिक स्कूल (डीडीपीएस) की ओर से वार्षिक कार्यक्रम पैटर्न च्वाइस अवार्ड जवाहर नगर स्थित समरस सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने संगीतमय प्रस्तुतियां दी। यहां विद्यार्थियों को वर्ष 2000 से पूर्व के गीतों की प्रस्तुतियां देनी थी, इन प्रस्तुतियों के आधार पर ही विजेता चुने गए। अहाना सोनी ने पैटर्न चॉइस अवॉर्ड की विजय ट्रॉफी जीती। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में संगीत के प्रति रुचि बढ़ाना और उनको मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के मुख्य निर्णायक संगीतज्ञ डॉ.रोशन भारती और भामिनी शर्मा रहे। इसके अलावा ऋतु जोशी, नवेंदु द्विवेदी, संगीता द्विवेदी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यालय के मुख्य संरक्षक डॉ.गोविंद महेश्वरी ने अपने गीतों के माध्यम से छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय नियंत्रक डॉ. सारिका मोहता एवं प्रिंसिपल डॉ.पूनम जैन, मैनेजर डीपीएस डॉक्टर पुरुषोत्तम सक्सेना, सेक्रेटरी डीडीएस पी बी सक्सेना, ट्रेजरर डीडीपीएस ललित माहेश्वरी, मेंबर डीडीईएस एनपी भाटिया के निर्देशन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

एबी पॉजीटिव एसडीपी उपलब्ध कराई

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता लोगों की निरंतर मददगार बन रही है। लगाता लोगों की सेवा कर रही है और सेवाभावी मददगार ईश्वरतुल्य बनकर सामने आ रहे हैं। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती एमपी के मरीज को एबी पॉजीटिव एसडीपी की आवश्यकता थी। मरीज के परिजन परेशान हो रहे थे, उनकी व्यवस्था नहीं हो पा रही थी, ऐसे में किसी ने टीम जीवनदाता से सम्पर्क के लिए कहा, एसडीपी के लिए पहले ही काफी देर हो चुकी थी, ऐसे में शीघ्र एसडीपी के लिए पुष्पेन्द्र सिंह चौहान को याद किया गया तो वह अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे जहां उन्होंने 25वीं बार एसडीपी डोनेट कर सेवा कार्य किया। वह इससे पूर्व 19 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। कोविड के समय 7 बार प्लाज्मा भी दे चुके हैं। एसडीपी डोनेशन की पूरी प्रक्रिया देख मरीज के परिजन आश्चर्यचकित रह गए और उन्होंने टीम जीवनदाता का आभार व्यक्त किया।

तीन शिकारी गिरफ्तार, पांच पाटागोह जब्त

छबड़ा (निसं)। वन विभाग ने अवैध शिकार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच पाटगोह जब्त किए है। रेंजर भारत राठौड ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि वृक्षारोपण मोरेला पठार में कुछ व्यक्ति शिकार के लिए घूम रहे हैं, जिनके हाथ में नुकीले व धारदार खुटिया और डंडे हैं। इस पर उनके नेतृत्व में दो टीमों का गठन की। टीम को तीन संदिग्ध व्यक्ति दिखे। जिसमे से एक के पास नुकिला व धारदार खुटिया व दुसरे के पास दो पाटागोह व तीसरे के पास 3 पाटागोह डंडे में फंसी हुई नजर आई तो मौका पाकर कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी अशोक कंजर, विक्की कंजर, बनवारी कंजर को घेरबंदी कर गिरफ्तार किया तथा शिकार के उपयोग में ली गई यंत्र खुटिया को जप्त राज किया। कार्यवाही में वनपाल जितेन्द्र सहरिया, नाका प्रभारी पाली बलराम सहरिया, वनरक्षक, कविता सहरिया , ज्योति नागर, वाहन चालक इन्द्रराज नागर इत्यादि मौजूद रहे।

वर्सी उत्सव 9 से 11 जुलाई तक

कोटा, (निसं)। कोटा के बोरखेड़ा इलाके के आस्था नगर में स्थित अम्माँ लीला मां के दरबार में महन्त बाबा हेमनदास का तीन दिवसीय 67वाँ वर्सी उत्सव 9 से 11 जुलाई तक मनाया जाएगा। दरबार के गददीनशीन बाबा साईं सुरेश लाल स्वामी ने बताया कि इस वर्सी उत्सव कैलेंडर का विमोचन एक समारोह में समाजसेवी हँसराज सोनी, चेतन स्वामी, सिन्धु सोशल सर्किल के अध्यक्ष विमल परियानी, उपाध्यक्ष हरीश दयानी, सचिव किशन रतनानी और अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। वर्सी उत्सव में प्रतिदिन सुबह व शाम को सत्संग, कीर्तन होगा, समापन पर 11 जुलाई को दोपहर में आम भंडारा होगा।

अतिक्रमण हटवाने की मांग

छबड़ा (निसं)। कडैयानोहर पंचायत के सरपंच (प्रशासक) ने उपखण्ड अधिकारी को पत्र लिखकर पीएलपीसी में दर्ज कडैयानोहर से बाहरी रास्ते का अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। सरपंच (प्रशासक) ने एसडीएम को दिए पत्र में बताया कि कडैयानोहर से बाहरी रास्ते पर प्रशासन द्वारा कुछ दिनों पूर्व अतिक्रमण हटवा दिया गया था। इस रास्ते पर कुछ लोगो द्वारा वापस ग्राम पंचायत द्वारा लगाई गई खाई को पुरकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। इसलिए उक्त लोगो को पाबंद कर रास्ता खुलवाया जाए।

महिला यात्री की सोने की चैन चुराई

छबड़ा (निसं)। इंदौर से कोटा के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में मंगलवार रात्रि को छबड़ा व कवाई स्टेशन के बीच अज्ञात चोर एक वृद्ध महिला यात्री की सोने की चेन तोड़कर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि को एक वृद्ध महिला यात्री पचोर से कोटा जा रही थी इसी दौरान छबड़ा रेलवे स्टेशन से ट्रेन रवाना होने के बाद एक अज्ञात चोर ने वृद्धा के गले से सोने की चेन तोड़कर ट्रेन से कूदकर फरार हो गया।

कूएं में डूबने से किशोर की मौत

छबड़ा (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव के कुए में रस्सी बांध कर नह रहे एक 13 वर्षीय किशोर की रस्सी टूटने के चलते कुए में डूब जाने से मौत हो गई। बापचा थानाधिकारी बुद्धराम जाट ने बताया कि थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव के कुएं में महावीर सहरिया (13) निवासी गुना मध्यप्रदेश रस्सी बांधकर नहा रहा था। इसी दौरान अचानक रस्सी टूट गई, तैरना नही आने के चलते महावीर कुए में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई।

कोटा उत्तर निगम आयुक्त त्यागी ने नालों का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी ने बुधवार को नयापुरा, स्टेशन, प्रगति नगर और कुन्हाड़ी क्षेत्र में नालों का निरीक्षण किया।

स्वास्थ्य अधिकारी मोतीलाल चौधरी ने बताया कि आयुक्त त्यागी ने सबसे पहले नयापुरा बस स्टैंड के पास के नाले तथा पास ही चंबल नदी के डूब क्षेत्र में आने वाली बस्ती को देखा। इसके बाद उन्होंने स्टेशन क्षेत्र में नेहरू नगर के जंक्शन पर सब्जीमंडी की ओर से आ रहे नाले को देखा। निगम की ओर से इन दिनों नाले की सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। त्यागी ने यहां नाले पर खोले गए चेंबर के चारों तरफ बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिऐं। उसके बाद उन्होंने माला रोड तथा प्रगति नगर क्षेत्र के नाले को भी देखा। यहां पानी का बहाव सामान्य था। इसके बाद वे पानी भरने की शिकायत को देखने थर्मल चौराहे पर पहुंचे। यहां नाला साफ था तथा पानी का बहाव भी सामान्य था। नागरिकों ने त्यागी से सड़क पर पानी जमा होने की शिकायत की। यह पानी सड़क सही नहीं बनी होने के कारण जाम हो रहा था। आयुक्त त्यागी ने मौके से ही केडीए के अधिकारियों को फोन पर इस बारे में सूचित कर सड़क को ठीक करने के लिए कहा।

वृक्षारोपण का आयोजन

कोटा, (निसं)। श्री झूलेलाल सेवा समिति, कोटा के अध्यक्ष सतीश गोपलानी ने बताया कि 26 जून गुरुवार को श्री झूलेलाल मंदिर, रामतलाई मैदान पर होने वाले मासिक चण्ड् पर दोपहर 12.00 बजे से 2.30 बजे तक आम भण्डारा आयोजित किया जायेगा तथा पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिए समस्त प्रशासनिक अपीलों को ध्यान में रखते हुए प्रात: 10.00 बजे मंदिर परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जायेगा।

समिति के संरक्षक लधाराम ग्वालानी ने बताया कि आम भण्डारे के उपरांत दोपहर 3.30 बजे मंदिर से पूज्य बहराणा साहब की पूजा अर्चना कर नगर भ्रमण हेतु प्रस्थान होगा जो कि प्रमुख स्थानों से होकर पवित्र जलाशय में विसर्जित किया जायेगा। श्री झूलेलाल सेवा समिति, कोटा के महामंत्री हरि प्रकाश पंजवानी ने बताया कि प्रति माह मासिक चण्ड् (दूज) के दिन मंदिर परिसर में दोपहर को आम भंडारा आयोजित किया जाता है।

अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी शराब की पेटियों पव्वे व अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी के पास से एक पावर बाईक भी जप्त की है। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरीक्षक हरदेव सिंह मय जाप्ता इलाके में गश्त कर रहे थे। थानाधिकारी ने बताया कि गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली की आर्मी रोड़ पर माला फाटक की ओर से एक व्यक्ति पॉवर बाईक पल्सर लेकर आ रहा है जिसके पास सफेद कट्टे में अवैध देशी शराब व हथियार है। मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार पर पल्सर बाईक पर जा रहे व्यक्ति को घेरकर डिटेन कर तलाशी ली गई तो उसके पास मिले प्लास्टिक के सफेद कट्टे में अवैध शराब की दो पेटी (102 पव्वे) व अवैध हथियार चाकू बरामद हुआ।

जिला कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। जिला कलक्टर पीयूष समारिया बुधवार प्रात: कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं अनुभागों के दौरे पर निकले। समारिया ने विभिन्न अनुभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों से वहां की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

जिला कलेक्टर ने टैगोर हॉल स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष में जाकर शिकायत रजिस्टर देखा। कंट्रोल रूम में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से उन्होंने पूछा कि आपदा से संबंधित सूचना आने पर क्या रेस्पॉन्स होता है। कर्मचारियों ने बताया कि इसकी सूचना तुरंत आपदा नियंत्रण कक्ष, नगर निगम स्थित कंट्रोल रूम एवं संबंधित अधिकारियों को दी जाती है। इसके अलावा सूचना रजिस्टर में दर्ज की जाती है। समारिया टैगोर हॉल स्थित परीक्षा नियंत्रण कक्ष पहुंचे और वहां मौजूद स्टॉफ से परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में पूछा। कक्ष में मौजूद स्टॉफ ने उन्हें परीक्षाओं के दौरान कंट्रोल रूम की भूमिका के बारे में जानकारी दी।

समारिया कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीएसओ ऑफिस पहुंचे और जिला रसद अधिकारी से खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने के लिए आने वाले आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने आधार सीडिंग के बारे में भी पूछा। जिला कलक्टर ने कलेक्ट्रेट स्थित विधि अनुभाग, एनआईसी ऑफिस, एसीएम कार्यालय, निर्वाचन अनुभाग, एडीएम सिटी कार्यालय, रीडर सेक्शन, प्रस्थापना, राजस्व अनुभाग सहित विभिन्न अनुभागों का दौरा किया और वहां की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली।

जिला कलक्टर ने जिला कोष कार्यालय जाकर स्ट्रॉन्ग रूम एवं परीक्षाओं के पेपर रखने की व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वीसी रूम जाकर उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग सुविधा एवं कलेक्ट्रेट में प्रतिमाह होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई के बारे में जानकारी ली। दौरे में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, एडीएम सिटी अनिल सिंघल एवं अन्य अधिकारी साथ रहे।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 729 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 24.6.25

आवास संख्या 1-ट-27 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती ईश्वरी देवी पत्नी श्री मंगत राम ऐंशीराम को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमती ईश्वरी देवी पत्नी श्री मंगत राम ऐंशीराम के नाम दिनांक 21.07.1990 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती ईश्वरी देवी पत्नी श्री मंगत राम ऐंशीराम की मृत्यु दिनांक 18.11.2020 को हो चुकी है। श्रीमती ईश्वरी देवी पत्नी श्री मंगत राम ऐंशीराम द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 28.12.1998 को श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री मंगत राम ऐंशीराम के पक्ष में आलेखित की गई। श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री मंगत राम ऐंशीराम द्वारा आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर उक्त आवास का हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन किए जाने हेतु आवेदन किया है।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री मंगत राम ऐंशीराम के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री मंगत राम ऐंशीराम के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री मंगत राम ऐंशीराम के नाम कर दिया जावेगा। उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

पश्चिम मध्य रेल

सामग्री प्रबंधन विभाग (भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या: ईपीएस/82/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/ डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/ विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

क्र.	टेण्डर नं	संक्षिप्त वर्णन	निविदा मात्रा
1	8124WCR TP-70A	रेट कॉन्ट्रैक्ट फॉर मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ PRESTRESSED मोनो-ब्लॉक कांक्रीट लाइन स्लीपर्स (RT-8746)	2310725 नंबर्स
2	38252317A	एडाप्टर (नैरो जॉव (JAW)) क्लास E6"x11"	113100 नंबर्स
3	20255016	IGBT बेस्ड 3x130 KVA auxiliary कनवर्टर कम्पलीट	2 सेट
4	20255014	कंप्यूटर कंट्रोल्ड ब्रेक सिस्टम	2 सेट
5	50253054	लौ (LOW) मेंटेनेंस लीड एसिड सेकेंडरी सेल	358 सेट
6	38251714	नई doorway स्टिफनिंग क्रॉसबार	10117 नंबर्स
7	38252121	साइड फ्रेम key फॉर CTRB (for CASNUB बोगीज विथ नैरो एवं वाइड जॉव अडाप्टर्स	173265 नंबर्स

खोलने की तिथि: क्रमांक 1,2: **15.07.2025**, क्रमांक 3,4: **18.07.2025**, क्रमांक 5: **19.07.2025**, क्रमांक 6: **01.08.2025**, क्रमांक 7: **06.08.2025**. 50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

(हस्ता.)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक : ननिकोद./जोन प्रथम/भ.नि.अनु./2025/4186 दिनांक : 25.06.2025

स्वामित्व हस्तांतरण एवं उपविभाजन बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भीम सेन गुलाटी आयु 55 वर्ष पुत्र स्व. श्री राम किशन गुलाटी निवासी 388, शोपिंग सेन्टर कोटा राज., ने नगर निगम, कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर मुखण्ड संख्या 388 बी शोपिंग सेन्टर कोटा, जिसका क्षेत्रफल 706.00 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम उपविभाजन एवं नाम हस्तान्तरण करने का निवेदन किया है। यह कि उक्त प्लाट / मकान नं. 388 शोपिंग सेन्टर कोटा में से हिस्सा प्लाट/मकान पैमायश 856 वर्गफुट जो मेरे माता-पिता के देहान्त के पश्चात व मेरी बहिनों के द्वारा उनका हिस्सा हक त्याग करने के पश्चात मुझ मुकिर को प्राप्त हुआ था तथा उक्त हिस्सा प्लाट/मकान पैमायश 856 वर्गफुट में से मैनें ग्राउण्ड फ्लोर का पूर्वी तरफ का चौक व ऊपर जाने का जीना मय छत के अधिकार सहित जिसकी पैमायश 300 वर्गफुट है, को जरिये उपहार पत्र के माध्यम से श्री ओम प्रकाश गुलाटी को उपहार स्वरूप प्रदान कर दिया था जिसका उपहार पत्र उप पंजीयक कार्यालय कोटा में दिनांक 14.02.2025 को पंजीबद्ध किया गया है। यह कि सम्पूर्ण प्लाट जिसकी पैमायश 2541 वर्गफुट का आवंटन नगर विकास न्यास द्वारा श्री रामकिशन पुत्र श्री बोगाराम के नाम किया गया था जिसकी लीज डीड भी नियमानुसार श्री रामकिशन जी के पक्ष में उप पंजीयक कार्यालय कोटा में दिनांक 29/7/75 को पंजीबद्ध हो चुकी है। यह कि श्री रामकिशन जी ने सम्पूर्ण प्लाट में से एक हिस्सा प्लाट जिसकी पैमायश 1080 वर्गफुट का बेचान जरिये विक्रय पत्र से ओम प्रकाश गुलाटी व उनके तीन भाई-किशोरी लाल, मनोज कुमार, राजेश कुमार पिसरान श्री मेघराज निवासी शोपिंग सेन्टर कोटा कर दिया था जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय कोटा में दिनांक 15/05/90 को पंजीबद्ध किया गया है इस प्रकार उक्त हिस्सा प्लाट 1080 वर्गफु